तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 28 मार्च 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 होली पर जमकर उड़े रंग-गुलाल

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

## मतदाताओं को जागरूक करने जिले के सभी विकासखंडो में लगाई मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

लोकसभा आम निर्वाचन में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान को लेकर बुधवार को जिले के सभी विकासखंडों में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा, महिला, पुरूष सहित सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत दौड़ लगायी साथ ही मतदान जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे है।



इसी तारतम्य में 27 मार्च बुधवार को जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैराथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राए व ग्रामीणजन शामिल हुए। मैराथन दौड़ अंतर्गत महिला वर्ग में प्रथम स्थान जागेश्वरी यादव, दितीय स्थान जमोत्री पटेल एवं तृतीय संगीता निर्मलकर इसी प्रकार बालिका वर्ग प्रथम कनिष्का भोई, द्वितीय निशा पटेल एवं तृतीय आसमा यादव एवं बालक वर्ग करन सांडे, सुयन्शु सिंह, केशव कुमार को प्राप्त हुआ है। अकलतरा विकासखंड के अंतर्गत 2 किमी मैराथन दौड़ आयोजित किया गया। मैराथन में विशाल पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विकासखंड पामगढ़ में महिला वर्ग में प्रथम स्थान परमेश्वरी रात्रे, दूसरा स्थान कल्पना कश्यप और तीसरा स्थान चंद्रकला ने प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में पहला स्थान चंद्रप्रकाश रात्रे, दूसरा स्थान दिनेश कश्यप एवं तीसरा स्थान चंद्रिका प्रसाद ने प्राप्त किया। विकासखंड नवागढ़ में प्रथम स्थान छोटेलाल, द्वितीय स्थान दुर्गेश साहू एवं तीसरा राहुल साहू को प्राप्त हुआ। बम्हनीडीह में स्वीप कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं, नागरिकों, ग्रामीणों, अधिकारी कर्मचारियों ने मैराथन दौड़ लगाई। बालक वर्ग में प्रथम स्थान वासूसिंह, द्वितीय स्थान पंकज पटेल एवं तृतीय स्थान देवेन्द्र बरेठ वहीं बालिका वर्ग में आंचल साहू, द्वितीय स्थान विद्या सिदार एवं तृतीय स्थान सुप्रिया सिदार को प्राप्त हुआ। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

खरीदी बंद होने के डेढ़ महीने बाद भी केन्द्रों में पड़े है धान

## जांजगीर जीरो शार्टेज की ओर, सक्ती में साढ़े तीन लाख क्विंटल धान का उठाव शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी के पूर्ण होने के डेढ़ महीने बाद भी केन्द्रों में धान का उठाव नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि जांजगीर चांपा जिले में तो जैसे तैसे उठाव का काम पूरा हो गया है और 100 से अधिक केन्द्रों में शत प्रतिशत उठाव करके शेष केन्द्रों में बाकी 61 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है तो दूसरी ओर नवगठित जिला सक्ती में अभी भी साढ़े तीन लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदी केन्द्रों में खुलेआम आसमान तले पडा है। यहीं नहीं धान उठाव के लिए 1 लाख क्विंटल से अधिक का डीओ तक जारी नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा 1 नवंबर से 4 फरवरी तक धान खरीदी की गई। इस दौरान जांजगीर चांपा जिले के किसानों ने विभिन्न केन्द्रों में 66 लाख क्विंटल से अधिक का धान बेचा, तो वहीं नवगठित जिला सक्ती में 51 लाख 74 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई। इसके बाद उठाव की सुस्त चाल ने पूरी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। जांजगीर चांपा जिले के 129 उपार्जन केन्द्रों में से 107 केन्द्रों से धान का उठाव हो चुका है। इन जगहों पर जीरो शार्टेज हो गया है। जबकि शेष 22 उपार्जन केन्द्रों में तकरीबन 61 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जाना शेष है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक सप्ताह भर में इन केन्द्रों से भी धान का उठाव कर लिया जाएगा, लेकिन नवगठित जिला सक्ती में तो धान उठाव की चुस्त चाल ने ना केवल केन्द्र प्रभारियों को परेशानी में डाल दिया है, बल्कि जिम्मेदार जिला विपणन, जिला सहकारी और खाद्य विभाग सहित पूरे जिला प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।



### धान उठाव को लेकर प्रभारी कर चुके आंदोलन

सक्ती जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अभी 3 लाख 50 क्विंटल धान का उठाव बाकी है। इसे लेकर सक्ती जिले के केन्द्र प्रभारियों द्वारा कई बार आंदोलन भी किया जा चुका है। इसके अलावा धान की सुस्त उठाव को लेकर माननीय उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान में लेते हुए एक महीने के भीतर हर हाल में धान का उठाव करने के आदेश दिए है।

### दिए है दिशा निर्देश

जिले में 66 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें से 61 हजार क्विंटल धान का उठाव पूरा नहीं हो पाया है। इस संबंध में केन्द्र प्रभारियों को दिशा निर्देश दिया गया है।

-रेशमलाल तिवारी,
नोडल अफसर
जिला सहकारी बैंक जांजगीर

### धान का उठाव शेष

सक्ती जिले में 125 उपार्जन केन्द्र एवं 95 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 51 लाख 74 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई है। अभी भी 3 लाख 50 हजार क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में पड़ा हुआ है। इसे लेकर मिलरों को दिशा निर्देश जारी किया गया है।

-शत्रुहन पैकरा,
नोडल अफसर, जिला सहकारी बैंक सक्ती

### स्वीप के तहत दिव्यांगजन व तृतीय लिंग सम्मलेन कार्यक्रम आज

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय लिंग सम्मलेन एवं अस्थि बाधित दिव्यांगजन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे समाज कल्याण कार्यालय रेल्वे फाटक के पास जेठा में आयोजित किया जाएगा। श्रवण बाधितार्थ मतदाता कार्यक्रम दोपहर 2 बजे नवजीवन मुख्बधिर विद्यालय कसेर पारा सक्ती और दृष्टि बाधितार्थ कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय कसेर पारा पानी टंकी के पास सक्ती में आयोजित किया जाएगा।

### हथियार लेकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** लोहे का धारदार चाकू नूमा हथियार लेकर डराने वाला आरोपी को मुलमुला पुलिस ने घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांण्ड भेजा है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुटीघाट वार्ड नं. 11 निवासी कौशल्या यादव पति कमज यादव उम्र 25 वर्ष 27 मार्च को 10:30 बजे थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने घर के सामने गली में झाडू लगा रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का लोकम वर्मा पहुंचा और उससे गाली गलौच करने लगा।

## 13 नग सागौन के साथ पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

13 नग सागौन लकड़ी के साथ पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। जब्त किए गए सागौन लकड़ी की कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार 27 मार्च मुखबिर से सूचना मिली कि बिर्रा क्षेत्र के ग्राम कहरी में सागौन की अवैध तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पीकप वाहन क्रमांक सीजी 13 ए एच 6975 के चालक उत्तम कुमार साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ढनगन थाना डभरा से पूछताछ की गई। जिले के वन विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु जानकारी भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में उनि. कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, आरक्षक रघुवीर यादव, सनोहर जगत मनीष सोनवान का विशेष योगदान रहा।



## घरेलू रंजिश को लेकर बड़े भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अपने ही सगे बड़े भाई को लोहे की तवा से पीट-पीट कर मौत के घाट उतारने वाला आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे में ही गिरफ्तार किया है। घटना चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम बघौदा की है। वहीं आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे के तवा को भी बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ताकि हत्या के कारणों का खुलासा हो सके। राजू सूर्यवंशी निवासी बघौदा थाना चाम्पा अपने परिवार के साथ ग्राम कुरूभांठा भूपदेवपुर (रायगढ़) में रहकर जेएसडब्ल्यू भूपदेवपुर रायगढ़ में मजदूरी का काम करता था। उसके गांव के घर में माता-पिता एवं उसके भाई लोग एक ही घर में रहते थे, माह जनवरी 2024 में कुरूभांठा से गांव बघौदा आयें थे और अपने परिवार के साथ एक ही घर में रहते थे। 26 मार्च को सुबह करीबन 7 बजे मृतक राजू सूर्यवंशी अपने पत्नी को बोला की मेरा पेंट शर्ट और पर्स को दो मैं काम तलासने के लिए भुपदेवपुर रायगढ़ जाउंगा, तब उसके पत्नी बोली की पर्स को नहीं देखी हू, पति-पत्नी दोनो आपस में बातचीत हो रहा था। इसी बीच मृतक का छोटा भाई आरोपी समीर सूर्यवंशी आया और घरेलू विवाद को लेकर अपने बड़े भाई राजू सूर्यवंशी को गाली गलौच करते हुए लोहे की तवा से ताबड़ तोड़ सिर में प्राण घातक हमला कर चोट पहुंचाया, जिसको आरोपी द्वारा उचित इलाज के लिए जिला अस्पताल जांजगीर ले गयें जहां डाक्टर द्वारा चेक करने उपरान्त मौत होना बतायें।




## पुरानी रंजिश को लेकर पति-पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पति पत्नी घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार जांजगीर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुलीपोटा के किशन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि इंदल यादव का उसके दामाद चिरंजीव यादव से एक साल पूर्व शादी के समय से बारात में विवाद हुआ था। सोमवार को होली के दिन इंदल यादव के साथ हंसी मजाक कर रहे थे। जिसे लेकर होली के दिन मारपीट की गई थी मगर इस बात को लेकर पुलिस से किसी प्रकार की शिकायत उसके द्वारा नही की गई थी। वही मंगलवार की सुबह घर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर गया था उस समय घर पर नहीं था। कुछ देर बाद जब घर आया तो उसकी पत्नी संजू लता यादव ने बताया कि घर में आकर मारने पीटने की धमकी देकर गया है। जानकारी मिलने पर वह और पत्नी के साथ सिटी कोतवाली थाना जाकर शिकायत दर्ज कराई। जिसकी जानकारी चिरंजी यादव को होने पर शाम करीबन 5.30 से 6 बजे के बीच 4 से 5 अन्य साथियों के साथ घर के अंदर घुसा और उसकी पत्नी से पहले मारपीट की गई और उसके साथ भी बांस के डंडे और हाथ मुक्के से मारपीट की गई । जिससे पति पत्नी दोनो के सिर पर गंभीर चोट आई है। वही दूसरे पक्ष का एक युवक भी घायल हुआ है। तीनो का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### 580 किलोग्राम महुआ लहान व 47 बल्क लीटर शराब जब्त

**सक्ती ।** आबकारी विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से 580 किलो ग्राम महुआ लहान व 47 बल्क लीटर शराब जब्त किया है। सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब निर्माण एवं भंडारण पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। बुधवार 27 मार्च को 6 प्रकरण में 47 बल्क लीटर महुआ शराब व 580 कि ग्रा महुआ लहान मौके पर नष्ट किया। सक्ती वृत्त के ग्राम मुक्ताराजा में देवचरण बंजारे के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब तथा ओमप्रकाश बंजारे के पास से 6 लीटर महुआ शराब बरामद किया।



## खबर संक्षेप

### केंद्रों पर दो हजार क्विंटल धान जाम, उठाव नहीं

**कोरबा।** धान की खरीदी खत्म हुए लगभग डेढ़ माह पूरा होने को है, लेकिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो सका है। अभी भी दो हजार क्विंटल से अधिक धान अलग-अल केंद्रों पर जाम हैं। इससे सहकारी समितियां परेशान हैं। समितियों ने धान उठाने के लिए उप पंजीयक से मदद मांगी है। जिन केंद्रों में धान की बोरियों अभी भी पड़ी हुई है। उसमें कुदमुरा, पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड का पोड़ी, नवापारा, चनवारी नवापारा, रामपुर बोईदा और बेहरचुआं शामिल है। इन समितियों में 180 क्विंटल से लेकर 480 क्विंटल तक धान पड़ा हुआ है। बार- बार मौसम के रंग बदलने और समय पर धान का उठाव नहीं होने से सहकारी समितियां परेशान हैं। उन्हें धान के खराब होने की चिंता सता रही है। समितियों का कहना है कि समय पर धान का उठाव नहीं हुआ तो इससे नुकसान होगा और प्रशासन इसकी भरपाई समितियों से ही करेगा। इस स्थिति में समितियों की आर्थिक स्थिति खराब होगी। परेशानी बढ़ेगी। सहकारी समितियों ने उप पंजीयन सहकारिता और विपणन विभाग से धान की बोरियां जल्द उठाने की मांग की है। 110 राइस मिलर्स कोरबा के बजाए दूसरे जिले से उठा रहे धान धान की मिलिंग के लिए कोरबा जिले के 110 मिलर्स ने प्रशासन के साथ अनुबंध किया है। धान खरीदी चार फरवरी को खत्म हो गई है। इसके पखवाड़े भर के भीतर धान का उठाव करना था। लेकिन विपणन विभाग की उदासीनता के कारण राइस मिलर्स ने सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों से धान की बोरियों का उठाव नहीं किया, बल्कि इस अवधि में जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बिलासपुर जिले से धान को उठाकर अपने यहां भर दिया। कोरबा के मिलर्स अभी भी जिले के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। इससे समितियां चिंतित है। आर्थिक नुकसान की भरपाई से परेशान हो रही है।

### नमामि हसदेव समिति ने की हसदेव आरती

**कोरबा।** कोरबा के प्रदूषित होते हुए नदी हसदेव को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु हमारा संकल्प है कि हर नदी का हो सम्मान, हम पूजे उन्हें माँ गंगा समान। इस ध्येय के साथ नमामि हसदेव समिति के द्वारा हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, हसदेव नदी के संरक्षण करने तथा हसदेव नदी के घाट का सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक मास की पूर्णिमा को हसदेव आरती की जाती है। इसी क्रम में आगामी फाल्गुन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार को माँ सर्वमंगला घाट पर हसदेव आरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अरुण शर्मा अध्यक्ष धर्म संघ पीठ पारिषद, विशिष्ट यजमान मोहन अग्रवाल अध्यक्ष भारत विकास पारिषद, अरुण कौशिल सम्पर्क प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विजय राठौर, अनीश सक्सेना शामिल रहे।

### एक शाम शहीदों के नाम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कुसमुंडा के आदर्श नगर में आयोजित कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम के तहत स्थानीय कलाकारों ने देश भक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति देकर शहीदों को नमन किया गया। सभी लोगों ने शहीदों की स्मृति में दीप प्रज्वलित किया। इसके गायक कलाकारों ने वतन पर जान न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की शान में एक से बढ़कर एक लोकप्रिय गीतों से शमां बांधा। मुख्य अतिथि के रूप में नारी शक्ति महिला मंडल प्रेरणा महिला मंडल व अन्य प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। नारी शक्ति महिला मंडल की अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि 23 मार्च शहीदी दिवस मनाया जाता है। हमारे देश के तीन जवान भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव देश की आजादी के खातिर हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। उनकी इस कुर्बानी को हमें याद रखना चाहिए। देश पर कुर्बान हो जाने वाले शहीदों के कारण हम आज आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, सभी ने वीरों को श्रद्धांजलि दी।

### खुदाई के दौरान घर में निकला सांप

**कोरबा।** एक घर में खुदाई के दौरान फावड़ा चलाते समय एक सांप निकला। सांप को देखते ही लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मकान मालिक ने सांप मिलने की सूचना स्नेक कैचर को दी। स्नेक कैचर मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सांप को निकाला और सुरक्षित जंगल में छोड़ा। मकान मालिक राजेश यादव ने बताया कि घर पर कुछ निर्माण कार्य चल रहा है जहां मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान अचानक खुदाई करते समय एक नाग सांप निकल गया, जिसे देख सभी घबरा गए। मकान मालिक ने स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी को फोन किया जिस पर स्नेक कैचर जितेंद्र सारथी राजेश यादव के घर आए और बताया कि मौसम का मिजाज बदलने के कारण सांप निकलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

### सूने मकान से नकदी सहित अन्य सामानों की चोरी

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर रुमगरा निवासी किरण कुमार राठौर पिता रामकुमार राठौर मजदूरी का कार्य करता है। किरण कुमार के माता पिता घर में ताला बंद कर 15 दिन पूर्व से ग्राम मल्दी थाना सक्ती जिला सक्ती काम से गये थे। किरण ने देखा कि 23 मार्च की सुबह की सुबह उसके पिता के घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर अंदर रखे आलमारी खुला था समान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे किरण की मां की सोने का झुमका, मंगलसूत्र एवं चांदी का पायल एवं एलसीडी टीव्ही, 5 हजार रुपए नकद को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है।

### टीचर्स एसोसिएशन ने लोकसभा चुनाव ड्यूटी के संबंध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# चुनाव में 55 वर्ष से अधिक उम्र व गंभीर बीमारी वाले कर्मचारियों को ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन।

लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारीयों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने व 55 वर्ष से अधिक उम्र,गंभीर बीमारी से ग्रसित, शिशुवती,गर्भवती महिला कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा के पदाधिकारीयों द्वारा कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर चर्चा किया गया।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद सिंह राजपूत,जिला अध्यक्ष मनोज चौबे,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक,मिडिया प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने सकारात्मक चर्चा व निर्णय के लिए कलेक्टर महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अधिकारी कर्मचारियों के हितार्थ में सौंप गए। ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रथम चरण का प्रशिक्षण सभी विकासखंड मुख्यालय में होगा,प्रशिक्षण में ज्यादा परेशानी नहीं होने पर द्वितीय चरण का भी प्रशिक्षण सभी विकासखंडों में होगा चुनाव कार्य में लगे कर्मचारियों अधिकारियों को चुनाव मानदेय की राशि निर्वाचन पश्चात लगभग 3 से 5 दिन के अंदर ऑनलाइन भुगतान हेतु होगा विधानसभा पाली और तानाखार के लिए मतदान सामग्री वितरण व जमा कटघोरा में किया जाएगा ताकि दूर वालों के लिए सुविधा हो कोरबा स्थानीय वालों हेतु पति पत्नी अगर नौकरी में है तो पत्नी का ड्यूटी लगने पर पति का ड्यूटी नहीं लगाने का प्रयास किया जाएगा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं,अधिक उम्र, दिव्यांग, गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारियों का ड्यूटी नहीं लगाने मतदान सामग्री जमा करने हेतु पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था। सामग्री वितरण व जमा केंद्र में कैंटीन का यथासंभव व्यवस्था, ताकि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी अधिकारी स्वयं की व्यय से नाश्ता व भोजन कर सकेंगे अन्य विषयों पर ठोस आश्वासन दिया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक ने बताया कि निर्वाचन कार्य में मतदाता मित्र के रूप में कार्य करने वाले एनएसएस, एनसीसी स्काउट गाइड के स्वयं सेवक, मतदाता मित्रों को प्रोत्साहित करने प्रशस्ति पत्र प्रदान करने कलेक्टर ने आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री प्रमोद सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष मनोज चौबे, जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप जायसवाल, जिला संगठन मंत्री सत्य प्रकाश खांडेकर, प्रचार सचिव बैसाखूराम वरकड़े, जिला पदाधिकारी जयकुमार कमल, राधे मोहन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष पाली नागेंद्र मरावी, संकुल अध्यक्ष रमेश जांगड़े, प्रताप सिंह राजपूत, पाली ब्लॉक कोषाध्यक्ष रवि चंद्रा, ओमकार साहू, रामकृष्ण पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## डीजल चोरों के कब्जे से एक कैंपर वाहन, 280 लीटर डीजल जब्त


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त कैंपर व डीजल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुसमुंडा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ डीजल चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस कड़ी में शनिवार को रात्रि में एसईसीएल कुसमुंडा में पेट्रोलिंग में लगे सुरक्षा प्रभारी के द्वारा सूचना दिया गया कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान कोल स्टाफ 25 में डोजर से डीजल चोरी कर कैंपर से भाग रहे हैं। इस सूचना पर थाना कुसमुंडा के पुलिस स्टाफ के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी का एसईसीएल के सुरक्षा में लगे कर्मचारियों के साथ कैंपर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 4163 एवं कैंपर में 8 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल मिला। पकड़े गए आरोपियों में खिसोरा थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा निवासी देवानंद उम्र 19 वर्ष पिता अंजोर साय, अयोध्यापुरी जमनीपाली दर्री निवासी आकाश राय यादव उम्र 23 वर्ष पिता सुशील यादव शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से एक कैंपर वाहन 8 जरीकेंन में भरा 280 लीटर डीजल को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 379,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी का भदरापारा में हुआ जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत।

कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना महंत का लगातार जनसंपर्क कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा। इसी दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने बालको नगर वार्ड 36 भद्रापारा में भी जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं आमजन लोगों से मुलाकात की गई। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सपना चौहान कांग्रेस कमेटी कोरबा शहर, दुष्यंत शर्मा ब्लाक अध्यक्ष बालको कांग्रेस, उस्मान खान वरिष्ठ कांग्रेसी, विकास डालमिया पूर्व जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी, कृपाराम साहू एमआईसी मेंबर नगर निगम, जय प्रकाश यादव महासचिव इंटक, रूबी तिवारी प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस, नागेंद्र राय वरिष्ठ कांग्रेसी एवं महामंत्री पूर्वांचल विकास समिति, फूल दास महंत प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, शशिलता पांडे वरिष्ठ कांग्रेसी, पुष्पा पात्रे जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति,डॉ.एचके राठौर ब्लाक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग, मुन्ना खान ब्लाक उपाध्यक्ष बालको कांग्रेस कमेटी, सुभाष बघेल, राजेन्द्र दीवान, आरएस कटकवार, जगन्नाथ थवाईत, कांति बरेठ, स्वाति पाटले, प्रतिभा पाटले, मंजू सिंह क्षत्रिय, सरस्वती महंत, ममता कटकवार, राधा महंत, नारायणी यादव, क्रांति यादव, रुक्मणी निर्मलकर, रानी गुप्ता, सुनीता कवर, पूनम पाटले, साधना राज, संतोषी बरेठ, भागमती बरेठ, ममता खलखो, प्रेमलता जगत, मुक्ति दानी मिंज, सोनू ओग्रे एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## मेंटर-मेंटी स्कीम से एसईसीएल प्रबंधन कर रहा युवा अधिकारियों से सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**खास बातें**

- शीर्ष प्रबंधन से युवा अधिकारी सीख रहे हरैं प्रबंधन के गुर

एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के मार्गदर्शन में एसईसीएल में मेंटर-मेंटी की अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। मेंटर-मेंटी प्रोग्राम के तहत एसईसीएल के युवा अधिकारियों को शीर्ष प्रबंधन से सीधा संवाद करने का अवसर मिल रहा है। प्रोग्राम के तहत सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशकगण एवं सीवीओ द्वारा मैनेजमेंट ट्रेनी से लेकर वरीय प्रबन्धक तक के अधिकारियों के साथ संवाद सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में शीर्ष प्रबंधन द्वारा युवा अधिकारियों से उनके कार्यानुभव एवं कार्यस्थल पर आ रही चुनौतियों के बारे जाना जा रहा है। इसके साथ ही प्रबंधन द्वारा भी कोयला उद्योग में काम करने का अपने अनेक वर्षों के अनुभव को भी युवा कर्मियों के साथ साझा किया जा रहा है जिससे उन्हें काफी-कुछ नया सीखने को मिल रहा है। यह प्रोग्राम कर्मियों एवं शीर्ष प्रबंधन के बीच 360 डिग्री कम्युनिकेशन एवं फीडबैक स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रोग्राम के तहत क्रॉस-डिसिप्लिन लर्निंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है साथ ही प्रतिभागियों को फील्ड विजिट के जरिये कंपनी के कार्यसंचालन को और नजदीकी से देखने का अनुभव मिल रहा है। उदाहरण के लिए प्रतिभागियों को खदान में ले जाकर खनन से जुड़ी गतिविधियों के बारे में बताया जा रहा है एवं कंपनी के संचालन क्षेत्रों किए जा रहे द्वारा सीएसआर कार्यों के लाभार्थियों से मिलकर वे कंपनी की समाज कल्याणकारी गतिविधियों को बेहतर तरीके से समझ पा रहे हैं।

### डीजे संचालकों ने गठित किया डीजे साउंड संघ

**कोरबा।** विकासखंड पोंडी-उपरोड़ा मुख्यालय में समस्त डीजे संचालकों द्वारा शासन के द्वारा निर्धारित मापदंड के तहत एक आवश्यक बैठक आयोजित कर डीजे साउंड संघ का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से राजेश मरावी ग्राम दमउकुंडा को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया। छोटू डीजे तानाखार को सचिव एवं खालिद डीजे गुरसिंया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जहां अब से संघ द्वारा निर्धारित भाड़ा रकम दर पर बुकिंग तय किया जाएगा एवं सभी सदस्यों द्वारा संघ कि नियमावली का पालन करना तथा सदस्यता शुल्क के साथ घोषणा सह शपथ पत्र भरकर संघ कि निर्धारित शुल्क जमा कर सदस्यता लेना होगा।

## भाजपा प्रत्याशी सरोज ने कोरबा निहारिका क्षेत्र में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जनसंपर्क करती भाजपा प्रत्याशी डॉ सरोज पाण्डेय, मंत्री श्री देवांगन।

आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय निहारिका और मुख्य मार्ग कोरबा में जनसंपर्क पर निकली। सड़क किनारे ठेला-गुमटी वालों से लेकर बड़ी-बड़ी दुकानों और शो रूम सहित क्षेत्र के आम नागरिकों से मुलाकात और हालचाल जानकर भाजपा को जिताने की अपील की। घंटाघर के पास ठेला-गुमटी वालों से भी सह्दयता पूर्वक मिली और युवतियों से हाथ मिलाकर वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नरेंद्र भाई को लाना है और देश को आगे बढ़ाना है। जब सरोज पांडेय युवतियों से, ठेला-गुमटी चलाने वाली महिलाओं से हाथ मिलाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं। सरोज पांडेय इसके बाद चौपाटी पहुंची और सभी से मिलकर सहजता के साथ जिताने की अपील की। कार्यकर्ताओं द्वारा मोदी की गारंटी का पाम्पलेट भी बांटा गया। सरोज पांडेय के साथ केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन भी लोगों से कमल खिलाने की अपील की और कहा कि इस बार सरोज पांडेय को ऐतिहासिक मतों से जीताएं और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनाएं। जनसंपर्क के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र पांडेय, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, निगम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, रामनारायण सोनी, नरेंद्र पाटनवार सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे। रैली की शक्ल में निकला जनसंपर्क में भाजपा का झंडा लेकर कार्यकर्ता चल रहे थे।

### पुलिस का छापा: 45 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार मुहीम चलाई जा रही है। इस कड़ी में कटघोरा पुलिस की टीम ने एक ग्रामीण के घर में दबिश दी। जहां उसके कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भवानीपुर निवासी फूल सिंह धनवार पिता शांति सिंह धनवार द्वारा अवैध शराब बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा है। मुखबीर की सूचना पर कटघोरा पुलिस की टीम ने फूल सिंह के घर में दबिश दी जहां फूल सिंह के कब्जे से पुलिस ने कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में जौहर दिखाएंगे जिले के तीन युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उड़ीसा के भुवनेश्वर में 25 से 28 मार्च तक आयोजित हो रहे नेशनल रग्बी (फुटबाल) चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम में जिले के तीन युवा भी चयनित हुए हैं। जो अपना जौहर दिखाएंगे।

जिले के लिए भले ही रग्बी का खेल नया हो लेकिन पाली ब्लॉक के मुख्यालय में रग्बी की एक पौध (टीम) जन्म ले चुकी है। जो विगत 2 वर्ष से नियमित रूप से पाली के मिनी स्टेडियम में अभ्यास में लगातार जुटी हुई है। इनमें महिला व पुरुष वर्ग दोनों की टीम हैं। जो जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का जौहर दिखा चुके हैं। पाली ब्लॉक ही नहीं जिले को भी गौरवांवित कर रहे हैं। उड़ीसा में हो रहे नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में भी छत्तीसगढ़ की टीम में जिले के तीन युवा खिलाड़ी ओम प्रकाश यादव पिता मनीराम, विश्वजीत पिता बंधन सिंह और इंद्र लाल यादव पिता दादू लाल यादव का चयन हुआ है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 66 / ब-121 / 2023-2024
ग्राम पेण्ड्री तहसील नवागढ़

आवेदक विष्णु कुमार कुर्रे उम्र 22 वर्ष पिता श्री गेंदराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम पेण्ड्री तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
एवं आवेदिका दिब्या महंत उम्र 22 वर्ष पिता श्री आश्रेय दास जाति पनिका निवासी ग्राम पिपरा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

**छत्तीसगढ़ शासन**

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम पेण्ड्री तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णु कुमार कुर्रे उम्र 22 वर्ष पिता श्री गेंदराम कुर्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम पेण्ड्री तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका दिब्या महंत उम्र 22 वर्ष पिता श्री आश्रेय दास जाति पनिका निवासी ग्राम पिपरा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ०ग०) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 10.04.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.03.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला किसान होंगे आत्मनिर्भर: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कांग्रेस ने की पांच पांच गारंटी का लाभ देने की घोषणा


सुरेंद्र जायसवाल

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित युवाओं, महिलाओं व किसानों को दी जाने वाली गारंटियों के संबंध में बताया है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो देश के युवा, महिला व किसानों को 5-5 गारंटियों का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। श्री जायसवाल ने कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटीयों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि कांग्रेस पार्टी देश की महिलाओं को गारंटी दी है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं के लिये महालक्ष्मी योजना लागू करेगी। जिसके तहत हर महिला को साल में एक लाख रूपये मतलब महिने में 8 हजार 333 रूपये दिए लाएंगे। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं को साल में 12 हजार रू ही दे रही है। जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आएगी तो सालाना एक लाख रूपये देंगे। वहीं केंद्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की होगी। आशावर्कर, आंगनबाड़ी तथा मिड्डे मील कार्यकर्ताओ को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा। महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी। जो महिलाओं को जागरूक करने का काम करेगी तथा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल बनाया जायेगा। इसके अलावा एमएसपी को कानूनी दर्ज़ा दिया जाएगा। इसके लिए संसद में एक विशेष कानून पारित किया जाएगा। डॉ.एमएस स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले के अनुसार एमएसपी तय की जाएगी। किसानों के ऋण माफ़ करने और आवश्यक ऋण माफ़ी की राशि निर्धारित करने के लिए एक स्थायी कृषि ऋण माफ़ी आयोग की स्थापना की जाएगी। किसानों के फसलों के नुकसान होने पर 30 दिनों के भीतर सीधे बैंक खाते में गारंटीड भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा। कांग्रेस कृषि उत्पादों के लिए एक आयात-निर्यात नीति बनाएगी ।

जाँजगीर मार्केट

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता है।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

**गुप्त रोग**
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

27 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/27/2024 8:32 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द पेंगुइन' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज, कॉलिन फैरेल पर टिकीं सबकी निगाहे



कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। मैट रीव्स की द बैटमैन स्पिनर ऑफ सीरीज 'द पेंगुइन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कॉलिन फैरेल एक्शन सीरीज में नाइट क्लब मालिक के रूप में अपनी भूमिका दोहरा रहे हैं। द बैटमैन के निर्देशक मैट रीव्स द्वारा निर्मित, ट्रेलर ओसवाल्ड ₹पेंगुइन₹ कोबलपॉट पर नजर डालता है, जो सीरीज में बदला लेता नजर आएगा। कॉलिन फैरेल क्रिस्टिन मिलियोटी के साथ द बैटमैन की अपनी भूमिका को दोहराते हुए पेंगुइन की भूमिका में हैं। ट्रेलर में फैरेल अपने खलनायकी अवतार से फिर से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार नजर आता है। फैरेल को कहते हुए सुना जाता है, "जब मैं एक बच्चा था, एक गैंगस्टर था, असली पुराने स्कूल का प्रकार - रेक्स कैलाब्रेसे; वह बहुत बड़ी बात थी. उन्होंने लोगों की मदद की. उसने तुम्हें सड़क पर देखा, वह तुम्हें बुलाएगा। पेंगुइन फिर आगे कहता है, "जब मैं 14 साल का था, उसे दिल का दौरा पड़ा और वह सिगार पकड़े हुए ही मर गया। मेरे पड़ोस में, वे उनके सम्मान में एक परेड निकालते हैं और यह कोई कल्पना नहीं थी, लेकिन यह इशारा था। प्रेम का प्रदर्शन, उसका क्या मतलब था। क्या आप इस तरह याद किये जाने की कल्पना कर सकते हैं?"टैगलाइन, "मैक्स ओरिजिनल" के साथ समाप्त होने से पहले ट्रेलर विस्फोटों के खलनायक दृश्यों से भरा हुआ है। हालांकि सीरीज ने अभी तक कोई निश्चित रिलीज डेट निर्धारित नहीं की है, लेकिन इसके 2024 के अंत में आने की उम्मीद है। द पेंगुइन के कलाकारों में सोफिया फाल्कोन के रूप में क्रिस्टिन मिलियोटी, सल्वाटोर मारोनी के रूप में क्लेंसी ब्राउन, अल्बर्टो फाल्कोन के रूप में माइकल जेगेन और जॉनी विट्टी की भूमिका में माइकल केली हैं।

### टालीवुड

## 'एनिमल' के निर्देशक की नई फिल्म में नया लोचा, प्रभास का शेड्यूल गड़बड़ाया



प्रभास वर्तमान में अपने अगले बड़े बैनर प्रोजेक्ट, 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज के लिए तैयार हैं। नाग अश्विन निर्देशित इस फिल्म में वह भैरव की भूमिका में होंगे। इसी बीच अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' पर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसने उनके फैंस को निराश कर दिया है। अनजान लोगों के लिए, प्रभास की फिल्मों की लाइनअप में से एक प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' है, जिसका निर्देशन 'एनिमल' फेम निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों ने सुझाव दिया था कि फिल्म 2024 की गर्मियों में फ्लोर पर जाने के लिए तैयार होगी। हालांकि, ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि प्रभास के पैक्ड शेड्यूल और संदीप रेड्डी वांगा द्वारा 'स्पिरिट' की स्क्रिप्ट पर समय बिताने के कारण फिल्म की शूटिंग आगे बढ़ गई है। अब इस मूवी के सितंबर महीने में फ्लोर पर जाने के आसार हैं। नवीनतम अपडेट से पता चलता है कि 'स्पिरिट' इस साल रिलीज नहीं हो पाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, संदीप रेड्डी वांगा ने अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम शुरू किया है और इसे पूरा करने में उन्हें चार से पांच महीने लगेंगे। इसके बाद फिल्म की प्री-प्रोडक्शन औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। फिल्म में प्रभास को एक नेक पुलिस अधिकारी की भूमिका में देखा जाएगा। प्रभास की अगली रिलीज नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' होगी जिसमें वह कमल हासन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद प्रभास, मारुति द्वारा निर्देशित फिल्म 'द राजा साहब' पर काम शुरू करेंगे।

'स्पिरिट' का एलान प्रभास की 25वीं फिल्म के रूप में किया गया था। एक इंटरव्यू के दौरान 'एनिमल' के प्रोडक्शन डिजाइनर सुरेश सेलवाराजन ने संदीप रेड्डी वांगा के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट 'स्पिरिट' को लेकर बातचीत की। सुरेश ने बताया कि प्रभास अभिनीत 'स्पिरिट' फिल्म 'एनिमल' से काफी बड़ा प्रोजेक्ट होगा। 'स्पिरिट' का निर्माण टी-सीरीज के बैनर तले होने वाला है।

### भोजपुरी

## खनऊ में 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी होते ही लोगों के बीच पहुंचे चिंटू और यामिनी



उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में कई सारी फिल्मों की शूटिंग होती रहती है, खासकर भोजपुरी फिल्में अक्सर यहां शूट होती हैं। इसी बीच, कई महीनों से भोजपुरी फिल्म 'शूरवीर' की शूटिंग हो रही थी, जो अब पूरी हो चुकी है और इसके एक्टर्स यामिनी सिंह और प्रदीप कुमार चिंटू लोगों के बीच पहुंच गए। उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आप आजकल चले जाएं, हर बड़े शहरों में आपको कुछ ना कुछ मनोरंजन के खास साधन मिल ही जाएंगे और अब तो खासकर से जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार आई है तब से उत्तरप्रदेश में फिल्मों की शूटिंग बहुत अधिक होने लगी है। इसके पीछे निर्माता निर्देशकों को शायद बेहतर कानून व्यवस्था का मिलना ही है, क्योंकि बिना बेहतर कानून व्यवस्था कि कोई सुपरस्टार क्राउड के बीचों बीच खड़े होकर शूटिंग तो नहीं कर सकता। भोजपुरी फ़ल्मि जगत की खूबसूरत एक्ट्रेस यामिनी सिंह और प्रदीप पाण्डेय चिंटू लखनऊ में इसी बात को दिखा रहे हैं। गुरुवार को लखनऊ में एक्टर प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह की फ़ल्मि 'शूरवीर' की शूटिंग पूरी हो गई। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान प्रदीप पाण्डेय चिंटू और यामिनी सिंह आम जनता के बीच पहुंच गए।

### आ देखें जरा

### लाइफ स्टाइल



मुंबई में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में लैक्मे फैशन वीक 2024 सिद्धार्थ टाइटलर शो के दौरान एक मॉडल का अंदाज ऐसा भी।

## जेल क्लींजर से फेस क्लीन करने से मिलते हैं ये फायदे

अगर आप अपने फेस को क्लीन करने के लिए जेल क्लींजर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपको कई फायदे मिल सकते हैं। यह स्किन क्लीनिंग के लिए एक अच्छा ऑप्शन है। जब भी स्किन केयर की बात होती है तो उसमें सबसे पहला और जरूरी स्टेप होता है क्लीनिंग। स्किन की क्लीनिंग के बाद ही हम किसी भी स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जब फेस को सही तरह से क्लीन किया जाता है तो इससे सरफेस पर मौजूद गंदगी दूर होती है और क्लीनिंग की मदद से चेहरे पर मौजूद किसी भी तरह की गंदगी को दूर करने में मदद मिलती है। इसके बाद जब किसी प्रोडक्ट को इस्तेमाल किया जाता है तो अधिक बेहतर रिजल्ट मिलते हैं। आजकल फेस क्लीनिंग के लिए भी मार्केट में अलग-अलग ब्रांड्स के कई प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं। इन्हीं में से एक है जेल क्लींजर। जेल बेस्ड क्लींजर चेहरे पर बहुत अधिक लाइट होते हैं। यह ना केवल स्किन को डीप क्लीन करते हैं, बल्कि इससे आपको अन्य भी कई लाभ मिलते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको जेल क्लींजर से मिलने वाले कुछ बेमिसाल फायदों के बारे में बता रहे हैं।



### होती है डीप क्लीनिंग

जब आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल स्किन पर करते हैं तो इससे स्किन को डीप क्लीन करने में मदद मिलती है। जेल क्लींजर की यह खासियत होती है कि वे सिर्फ त्वचा की सतह ही नहीं, बल्कि पोर्स से भी गंदगी, तेल, मेकअप और अन्य अशुद्धियों को प्रभावी ढंग से हटाते हैं। उनकी जेल जैसी कंसिस्टेंसी के कारण वे स्किन में गहराई से प्रवेश करते हैं और इससे स्किन की बेहतर क्लीनिंग होती है।

### पीएच लेवल रहता है बैलेंस

जेल क्लींजर का इस्तेमाल करने का एक फायदा यह भी है कि इससे पीएच लेवल को बैलेंस रखने में मदद मिलती है। दरअसल, जेल क्लींजर को इस तरह बनाया जाता है कि वे स्किन के नेचुरल पीएच से मिलते-जुलते हैं। ऐसे में जब आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन बहुत अधिक रूखी या बेजान नजर नहीं आती है। इसी क्वालिटी के कारण जेल क्लींजर को किसी भी स्किन टाइप पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, फिर चाहे आपकी स्किन सेंसेटिव ही क्यों ना हो।

### स्किन होती है रिफ्रेश

अगर आप जेल क्लींजर का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपको चेहरा धोने के बाद एक फ्रेशनेस का अहसास होगा। चूंकि वे जेल बेस्ड क्लींजर बेहद ही लाइट होते हैं, इसलिए वे आपकी स्किन को फ्रेश और कूल फील करवाते हैं। आप इसे सुबह में इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर वर्कआउट के बाद भी जेल क्लींजर स्किन पर काफी अच्छा काम करते हैं।

चूंकि अब मौसम बदलने लगा है तो आप अपनी वैनिटी के प्रोडक्ट को भी बदलने का विचार कर रही होंगी। ऐसे में जेल क्लींजर को अपने समर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बनाएं। गर्मियों में जब तापमान बहुत अधिक होता है ।

## ईद पर दिखाना है खूबसूरत अंदाज तो अभी से तैयार कराएं खास सूट

### फैशन



लोग पूरे साल रमजान के पाक महीने का इंतजार करते हैं, क्योंकि रमजान महीने के आखिरी दिन ईद-उल-फितर मनाई जाती है। ईद का पर्व हर किसी के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में इसकी तैयारियां कई-कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। ईद-उल-फितर के दिन लोग नए-नए कपड़े पहनते हैं और एक-दूसरे के घर ईद की बधाई देने जाते हैं।



खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं और लड़कियों की तो हर महिला ईद के दिन के लिए अपना मेकअप से लेकर आउटफिट और ज्वेलरी तक चुन-चुन के तैयार करती हैं। ऐसे में अगर आप इस बार ईद पर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप अभी से तैयार करा सकती हैं। दरअसल, हम इस लेख में आपको बिग बॉस फेम सोमी खान के कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप भी अपना सूट तैयार करा सकती हैं।



**कुर्ता विद जैकेट:** अगर आपको दुपट्टा कैरी करने में दिक्कत होती है, तो इस तरह का पैंट और सूट आप अपने लिए तैयार करना सकती हैं। इसमें आपको दुपट्टे की जगह एक इस तरह की ही जैकेट करानी पड़ेगी। इसके साथ अपने बालों को खुला ही रखें।

**शरारा सूट:** अगर शरारा सूट पहनना पसंद है तो इस तरह का कॉलर वाला कुर्ता और शरारा आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसके साथ नेट फैब्रिक का दुपट्टा आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगा।

**अनारकली सूट :** अगर अनारकली सूट पहनने का मन है, तो इस तरह से नेट फैब्रिक का अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ये देखने में भी काफी खूबसूरत लगता है। इसके साथ दुपट्टा लेना न भूलें।

## ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुवेर्दी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

फिल्म अर्जुन, जोया अख्तर, रीमा कागती ने लिखी है। यह एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, अख्तर, कागती और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है।



## बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

आज के समय में बालों को हाइलाइट कराना हर किसी की पसंद बनता जा रहा है। चाहे पुरुष हो या महिला, हर कोई अपने बालों को अलग-अलग रंगों से हाइलाइट कराना पसंद करता है। लोग स्टाइलिश दिखने के लिए हाइलाइट का इस्तेमाल करते हैं। बालों को अलग रंग से हाइलाइट कराने पर ना सिर्फ लुक बदल जाता है, साथ ही इससे आपकी पर्सनेलिटी में भी बदलाव होता है। हाइलाइट्स की वजह से बालों में अतिरिक्त चमक भी आ जाती है। वैसे तो जो भी हाइलाइट कराता है वो पहले इसे बारे में सही से पता करता है, लेकिन बहुत से लोगों को समझ नहीं आता कि वो किस तरह से बालों को हाइलाइट कराएं।



### सही से करें रंगों का चयन

बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

### सोच समझ कर करें जगह का चुनाव

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों।

### कई रंगों से रहें दूर


बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं। अगर आपको गर्म पानी से बाल धोने की आदत है तो हाइलाइट कराने से बचें। हाइलाइट कराने के बाद बालों को नॉर्मल पानी से ही धोना पड़ेगा।

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

**मुंबई।** इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है।

दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।




## अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।



**खबर संक्षेप**

## ग्राम भिलाई में अखण्ड नवधा रामायण आज से

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भिलाई में अखण्ड नवान्हिक रामायण का आयोजन



28 मार्च से किया गया है। इस दौरान रामचरितमानस का प्रवचन, कीर्तन एवं भजन होगा। शुभारंभ बुधवार 28 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। समापन शनिवार 6 अप्रैल को होगा। हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज रविवार 7 मई को होगा। ब्यासपीठ पर आनंद शर्मा एवं आचार्य संतोष पाठक होंगे। आयोजन की तैयारी में संरक्षक सदनलाल यादव, चंद्रशेखर उपाध्याय, प्रदीप देवांगन, अध्यक्ष मिथिलेश गोपाल, उपाध्यक्ष श्रवण देवांगन, सचिव संतोष देवांगन, सहसचिव पंकज यादव, कोषाध्यक्ष अजय देवांगन, उपकोषाध्यक्ष पवन यादव सहित ग्रामवासी जुटे हुए है। मंच संचालन नरेश देवांगन, राकेश चौहान, धर्मेन्द्र यादव, हीरालाल देवांगन करेंगे।

## दर्शनशास्त्र में दुष्यंत कुमार चतुर्वेदी ने प्राप्त की डॉक्टरेट की उपाधि

**कोसमंदा।** शिक्षक दुष्यंत कुमार चतुर्वेदी डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर से शिक्षाशास्त्र में डॉ ऑफ फिलासफी की डिग्री हासिल की है। डॉ सी वी



रमन विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ स्मृति किरण सैमन्स की देखरेख उनके डायरेक्ट शोध में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के कैरियर निर्माण लेने और आत्म प्रभावकारिता पर माता पिता के दबाव का प्रभाव विषय पर गहन चर्चा की। चतुर्वेदी का शोध छात्रों के कैरियर विकल्पों और आत्म सम्मान पर माता पिता के दबाव के महवपूर्ण प्रभाव पर प्रकाश डालता है जो आज के प्रतिस्पर्धी शैक्षिक परिदृश्य में इनके निहितार्थो को उजागार करता है। शिक्षक के रूप में चतुर्वेदी का प्रारंभिक सेवा कोसमन्दा के हाई स्कूल में हुई है। वे यहां लगभग 10 वर्षो तक सेवा दी है। उनका गांव व बच्चों से काफी गहरा लगाव रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई सायकल रैली



**चांपा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह एम डी दीवान के मार्गदर्शन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा बाल केबिनेट एवं ईको क्लब द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु शासकीय टाउन पूर्व माध्यमिक शाला चांपा से लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह तक सायकल रैली आयोजित किया गया। मुख्य मार्ग से होता हुआ रैली का समापन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हुआ। सायकल चालक स्काउट गाइड, बाल केबिनेट के पदाधिकारियों के विश्राम गृह पहुंचने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वागत किया। स्वयं सेवकों को शीतल जल पिलाया गया एवम जलपान कराया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ जांजगीर चांपा के जिला सचिव परमेश्वर स्वर्णकार ने किया एवम आभार प्रदर्शन जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुरान लाल पटेल ने किया।

**निधन**

## श्रीमती प्रेमी सिंह

**चांपा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा के सीनियर इंजीनियर



अनवर राज सिंह की माता एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्रीमती शिरीन सिंह की सास श्रीमती प्रेमी सिंह का निधन 25 मार्च को हो गया। वे 94 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार सियोन चर्च के मसीही कब्रिस्तान में 26 मार्च को हुआ। इस मौके पर परिजन व सामाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### नगाड़ों की थाप पर झूमते रहे लोग, सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

# होली पर जमकर उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंचल में रंगो का त्यौहार होली सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर युवाओं, महिलाओं के साथ बच्चों ने जमकर होली खेली। दूसरी ओर शासन द्वारा त्यौहार के मद्देनजर मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लगाया था जिसके कारण पहले दिन देशी-विदेशी शराब दुकानों में लोगों की भारी भीड़ रही। इधर शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। होलिका दहन के दिन से ही सभी थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करती रही। इस बार बाजार में हर्बल गुलाल के साथ चायनिज पिचकारी व रंग-गुलाल की मांग खासी रही। वहीं होली के अवसर पर मुर्गे, बकरे और मछली की भी खूब बिक्री हुई।

रंग उमंग का पर्व होली सोमवार 25 मार्च को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके पूर्व 24 मार्च की रात्रि फाग गीतों व नगाड़ों के मदमस्त थापों के बीच बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक होलिका दहन किया गया तथा सुबह होते ही एक-दूसरे को रंग लगाकर सारे भेद-भाव मिटाने गले मिलने की प्रक्रिया शुरु हो गई। नगर सहित जिले के चौक-चौराहों में खुशी का माहौल रहा, रंग-गुलाल उड़ाते रहे बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाओं सभी ने सद्भावना पूर्ण ढंग से होली खेली। इधर इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा मुर्गे, मटन व मछली की खूब बिक्री हुई। होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने इस बार चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। पुलिस प्रशासन द्वारा 56 फिक्स पाइंट भी बनाए गए थे, जहां पर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी तैनात रहे जो निरंतर पेट्रोलिंग करते रहे।



नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते लोग।

## खरौद में एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर मनाया होली

**खरौद।** नगर में स्नेह का प्रतीक होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। नगर के अधिकांश इलाकों में सोमवार सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल और विभिन्न रंग लगाकर होली पर्व की शुरुआत की। यह लक्ष्मणेश्वर मंदिर सहित कई



धार्मिक स्थलों पर सामूहिक रूप से होली का पर्व मनाया गया। होली के अवसर पर युवाओं महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। हुरियारों की टोली ने मिल कर जमकर मस्ती की। युवा भी रंग गुलाल एक दूसरे के ऊपर डाल कर होली खेलते रहे। अनेक स्थानों पर बाजे बजाते हुए खूब नृत्य किया गया। युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल हुए।फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्योहार मनाया जाता है। यह रंगों और उत्सव का त्योहार है। न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़ों में भी इस त्योहार को लेकर खासा उत्साहित रहते है। इस दिन सभी लोगों के घर पर कई तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाए गए थे। इन पकवानों में गुजिया ट्रेडिशनल डिश होती है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक में मनाई जाती है। इस दिन लोग अपने सारे गिले-शिकवे मिटाकर एक दूसरे के साथ जमकर रंग और गुलाल खेलते हैं।

## मां महामाया मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ, खेली गई फूलों की होली



**सक्ती।** चैत्र माह के पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां महामाया मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। संध्या महामाया माई के आरती के पश्चात गुलाल से सने पूल से फूल होली खेली गई, जहा डंडा नृत्य भी किया गया। इसमें प्रातः एवं संध्या कालीन आरती में शामिल होने वाले भक्त व दर्शनार्थी भाग लिए। जनवरी माह में अयोध्या में श्री राम मंदिर स्थापना दिवस से स्व प्रेणना से मां महामाया मंदिर प्रांगण में प्रति अमावस व पूर्णिमा को रामायण की सुंदर काण्ड का पाठ व भंडारा का आयोजन किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में मां महामाया मंदिर के प्रमुख पुजारी गजराज सिंह सिदार, सहायक रमैया सिदर, आचार्य के रूप में अमित शर्मा, आत्मा राम, फुलेश्वर गेवल, तरुण दुबे, राजेश (खन्ना),उमेश पटेल, पूर्णेश गबेल, गोपाल अग्रवाल, अनुसुइया जायसवाल, दुलारिन साहू, कुंती यादव, मन्नू देवांगन, सहोद्रा यादव, रूपेश यादव,गोपी, सुरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र देवांगन, बी.के. नरेंद्र, देवचरण चंद्रा सहित दर्शनार्थी कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। देवेंद्र सोनी ने बताया कि आने वाले समय में सुंदरकांड की पाठ जैसे अन्य धार्मिक कार्यक्रम के लिए लोक कल्याणार्थ माता के प्रति आस्थावान भक्तों एक कमेटी के तहत कार्य करेंगे। सोमवार 8 अप्रैल को अमावस होने से पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 9 अप्रैल से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होगा।

## कलयुग में राम नाम ही एक मात्र सहारा : रामगोपाल



**तनौद।** ग्राम पंचायत तनौद के रामप्रसाद निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा शोभायात्रा के साथ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मारुति धाम देव धाट देवरघटा से रामगोपाल दास महाराज ने किया। कथावाचक हनुमान तिवारी देवरघटा है। आयोजन को सफल बनाने मुख्य यजमान गणेश ऐश बाईं सहित समस्त ग्रामवासी जूटे हैं। शोभायात्रा गांव की मुख्य गलियों से होकर ग्राम के महामाया ,गुड़ी चौक चंडी तालाब में जल भरकर पुनः कथा स्थल पहुंची। इस अवसर पर रामगोपाल दास महाराज ने कहा क कलयुग में राम नाम एक सहारा है जो मनुष्य इस युग में केवल राम नाम से ही इस भवसागर से पार लगा सकते हैं।

## मिष्ठान व उपहार लेकर सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच पहुंची अपर कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धुरकोट संकुल केंद्र के शासकीय प्राथमिक शाला मरकाडीह में बुधवार 27 मार्च को अपर कलेक्टर लवीना पाण्डेय ने न्यौता भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी के छोटे - छोटे बच्चे भी उपस्थित थे। आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला को मिलाकर लगभग 50 बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

- शासकीय प्राथमिक शाला मरकाडीह में न्यौता भोज का हुआ आयोजन

न्यौता भोजन में उन्हें पुलाव, खीर पूड़ी, मटर पनीर, टमाटर की चटनी, मिठाई, चाकलेट, केला, पानी बॉटल वितरित किया गया। विद्यालय पहुंचकर जब अपर कलेक्टर ने स्वयं बच्चों को अपने साथ लेकर केक काटा तो सभी बच्चे बहुत अधिक खुश हुए। उन्होंने कई बच्चों को अपने हाथों से केक और मिठाई खिलाया। अपर कलेक्टर लवीना पाण्डेय ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने और ऊंचे प्रशासनिक अधिकारी बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोजन भी किया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थी। प्रधानमंत्री पूरक पोषण आहार योजना जिसे कि छत्तीसगढ़ में न्योता भोजन के नाम से जाना जाता है। इसके तहत शासकीय विद्यालयों के बच्चों को सामुदायिक सहभागिता के तहत इच्छुक व्यक्तियों के द्वारा उच्च पौष्टिक आहार प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण आहार मिल सके। इस आयोजन में धुरकोट संकुल की प्राचार्य श्रीमती सुषमा स्वरूप और सीएसी मनींद्र कुमार पाण्डेय के साथ मरकाडीह प्राथमिक शाला के शिक्षक प्रेमा मिंज, युगेश्वरी विजयवार, अंजू खांडे और प्रधान पाठक श्रीमती सुषमा उपाध्याय उपस्थित थे।




बच्चों के साथ बैठकर भोजन करती अपर कलेक्टर लवीना पांडेय।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा में होली मिलन कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) में परीक्षा समाप्त होने के साथ ही होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के प्रधान पाठक संतोष तिवारी व शिक्षक नरेन्द्र राठौर के मागदर्शन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पहले बच्चों को होली के महत्व पर चर्चा किया गया था। इस त्योहार में क्या-क्या आवश्यक सावधानी रखा जाना है की जानकारी दी गई, फिर बच्चों मिठाई बॉटा गया। साथ ही फिर सभी बच्चों को शिक्षकों के द्वारा रंग गुलाल लगा कर होली त्योहार की बधाई दी गई। इसके साथ सभी बच्चें आपस में एक दुसरे को रंग लगा कर व गले मिलकर होली खेली व होली के गानों में खूब डांसा किया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक संतोष तिवारी, नरेन्द्र राठौर, श्रीमती सीता गढ़ेवाल, आलोक गढ़ेवाल के सहयोग से सफल रहा।



एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली खेलती छात्राएं।

## शहीद दिवस पर 50 वीं बार किया रक्तदान

**बहेराडीह।** देश की आजादी के लिए फांसी के फंदे पर हंसते-हंसते झूलने वाले देशभक्त भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदाता क्रांति समूह के संस्थापक व संचालक महेश कुमार राठौर ने 50 वी बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा की आज के युवा एक सुई की चुभन से डर रहे हैं, डर निकालिए और रक्तदान कीजिए, यही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महेश राठौर ने कहा कि रक्त एक ऐसा अनमोल रत्न है जिसे किसी भी माध्यम से बनाया नहीं जा सकता इसकी आपूर्ति का कोई दूसरा विकल्प नहीं है यह व्यक्ति के शरीर में स्वयं ही बनता है। कई बार मरीजों के शरीर में रक्त की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से रक्त लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

**सेवा को मिला सम्मान**-महेश कुमार राठौर के द्वारा सामाजिक सरोकार की भावना को लेकर देशहित, समाजहित, मानवहित के लिए रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान, राष्ट्रीय विकास व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शहीद के अवसर पर श्री राठौर के सेवा कार्य को मान्यता देते हुए छत्तीसगढ़ नवप्रागति मंच द्वारा संचालित धरम ब्लड सेंटर चांपा ने जीवनदाता गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। पूर्व में भी इन्हें सर्वश्रेष्ठ जिला युवा पुरस्कार, युवा रत्न अलंकरण सम्मान, कोरोना योद्धा सम्मान, सुपर हीरो सम्मान, प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड, सेवा सम्मान, रक्तवीर सम्मान, रक्तदाता गौरव सम्मान, यूनिटी ऑफ इंडिया, अखंड रक्त सेवा सम्मान ऐसे कई सेवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। महेश के इस उपलब्धि पर अशोक तिवारी, चंद्र कुमार राठौर, चूड़ामणि राठौर, रिंकू अग्रवाल, नरेंद्र साहू, लोमस बरेठ, अमर महंत, देवेश विश्वकर्मा, चंद्रशेखर देवांगन, भुनेश्वर राठौर, केशव श्रीवास, हरीश राठौर, दीपक यादव, जितेंद्र देवांगन, रामगोपाल साहू, सीमा राठौर, रामनाथ साहू, अंजली साहू, संतोष साहू, जगदीश राठौर, सुखनंदन दास महंत, हरीश दुबे, डॉ अजय स्वर्णकार, स्पेंद्र कुमार मिरी, रमेश केंवट, खुशवंत खांडे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



जीवनदाता गौरव अलंकरण सम्मान प्राप्त करते महेश राठौर।

## बहेराडीह में कलश यात्रा के साथ नवधा रामायण शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह में नवधा रामायण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। नवधा का शुभारंभ समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने किया। गांव के नवधा स्थल से डबरी पारा, गुड़ी चौक, दुर्गा चौक, स्कूल पारा से गुजरते हुए कलश यात्रा रामसागर तालाब पहुंची।

तालाब में जल की पूजा अर्चना करते हुए जल भरकर कलश यात्रा नवधा स्थल पहुंची और विधिवत पूजन करने के बाद नवधा रामायण का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर गांव के उपसरपंच चंदा सरवन कश्यप, पूर्व सरपंच मूरित राम यादव, पूर्व उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव, आचार्य पंडित मार्कण्डेय पाठक, अर्जुन बैष्णव, चंद्रिका चौबे, ग्राम बैगा सोमवार सिंह कंवर, श्याम सिंह कंवर, संसीराम यादव, रामलाल यादव, रामभरोस यादव, रामगोपाल यादव, श्यामलाल यादव, छेदी लाल यादव, शिवराम कश्यप, राजकुमार यादव, धनीराम यादव, मोहन यादव, शिशुपाल कश्यप, लखन कश्यप, साधना यादव, ललिता यादव, पुष्पा यादव, बृहस्पति यादव, दीप्ति झरना कश्यप, सुमित्रा यादव, सोहन यादव, उजित कश्यप, श्रवण कश्यप, ईश्वर प्रसाद यादव, रामखिलावन यादव, भरत श्रीवास, जोतराम यादव, जोतराम यादव, रविशंकर यादव, नवधा गोंड़, दीनदयाल यादव, रामबाई यादव, दादूराम यादव, भरत यादव और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।




बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की प्रथम बैठक

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की प्रथम बैठक आयोजित हुई।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में जारी किये गये शस्त्रों को आदर्श आचरण सहिंता प्रभाशील रहने की अवधि में संबंधित थाने में जमा कराये जाने के निर्देश है। जिला स्तर पर शस्त्र अनुज्ञप्ति के परिक्षण एवं शस्त्रों के संबंधित थाने में जमा कराये जाने के लिए परिक्षण कर आदेश पारित किये जाने के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री रमा पटेल उपस्थित थे।







